-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 02.04.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया गया पर्दाफाश । गिरोह के 02 चोरों को किया गया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 10 मोटरसाइकिल बरामद ।**
- **अभियुक्तों द्वारा कचहरी, जिला अस्पताल व अन्य भीड़भीड़ वाले स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को दिया जाता था अंजाम । मोटरसाइकिलों की नम्बर प्लेट बदलकर करते थे उसकी बिक्री ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री लक्ष्मी निवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 02.04.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु भ्रमणशील थी कि संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों के चेकिंग के दौरान पुराना बाईपास शुकुल कुआं के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 व्यक्ति पुलिस को देखकर अचानक भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध मानकर मोटरसाइकिल सवारों को तत्परता से पकड़ लिया गया तथा उनसे मोटरसाइकिल के वैध कागजात मांगे गये तो वे वैध कागजात नहीं दिखा सके । कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों अभियुक्तों द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को दिनांक 29.03.2024 को कचहरी से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उन्होने कचहरी, जिला अस्पताल तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों से कई और मोटरसाइकिल चोरी किए है जिसे उन्होने बाईपास केन नदी पुलिया के नीचे झाड़ियों में छिपा रखा है । पुलिस द्वारा उक्त स्थान से कुल 09 मोटरसाइकिलें बरामद की गई जो अभियुक्तों द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी की गई थी तथा जिनके संबंध में अभियोग भी पंजीकृत हैं । अभियुक्तों द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिलों के नम्बर प्लेट या तो हटाकर या बदलकर बेंच दिया जाता था ।

बरामदगी-

- विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 10 मोटरसाइकिल

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अल्लन खान पुत्र कल्लन खान नि0 घुसियारी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर
2. सलीम खान उर्फ टेंशन पुत्र मुन्नू खान नि0 घुसियारी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर

पंजीकृत अभियोग -

1. मु0अ0स0 228/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर बांदा
2. मु0अ0स0 130/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर बांदा
3. मु0अ0स0 56/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर बांदा
4. मु0अ0स0 227/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर बांदा
5. मु0अ0स0 223/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर बांदा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री अनूप कुमार दूबे
2. प्रभारी एसओजी श्री अनिल कुमार साहू
3. उ0नि0 श्री परवेज अहमद
4. उ0नि0 श्री राजेश मौर्य
5. उ0नि0 श्री आशुतोष त्रिपाठी
6. हे0कां0 विश्ववीर यादव
7. हे0कां0 अश्वनी
8. हे0कां0 संदीप यादव
9. म0कां0 प्रतिष्ठा यादव
10. कां0 गौकरण सिंह
11. कां0 विकाश कुमार
12. म0कां0 पूर्णिमा सेंगर
13. कां0 अजय कुमार
14. कां0 प्रतीक यादव
15. कां0 सूर्यांशू
16. कां0 अमित त्रिपाठी
17. कां0 कमल सिंह
18. कां0 मनीष मिश्रा